चौमूं के जैतपुरा क्षेत्र में नकली घी बनाने की आशंका पर 35 हजार लीटर घी सीज़

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने घी के पीपे सीज़ कर फैक्टरी पर भी ताला लगाया

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। चौमूं उपखण्ड के ग्राम जैतपुरा इलाके में नकली घी बनाने की सूचना मिलने के बाद खाद्य एवं चिकित्सा विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पर विभागीय अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और एक फैक्टरी में जांच-पड़ताल शुरू की। प्रारंभिक जानकारी में फैक्टरी के अंदर नकली घी बनाए जाने की बात सामने आई है। हालांकि, पूरे मामले का वास्तविक खुलासा जांच और सैंपल रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने फैक्टरी में रखे 35 हजार लीटर घी से भरे पीपों को सीज कर दिया। इसके साथ ही जिस फैक्टरी में घी का निर्माण किया जा रहा था, उसे भी सीज कर दिया गया।

विभाग की इस कार्रवाई से इलाके के साथ ही चौमूं उपखण्ड में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि फैक्टरी में तैयार किए जा रहे घी की गुणवत्ता और उसके निर्माण की प्रक्रिया को लेकर विभागीय अधिकारी जांच कर रहे हैं। साथ ही यह आशंका भी जताई जा रही है कि यहां तैयार घी की सप्लाई बाजार में की जा सकती थी। हालांकि, घी नकली है या गुणवत्ता मानकों के विपरीत तैयार किया जा रहा था, इसकी पुष्टि जांच रिपोर्ट के बाद ही होगी।



खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम और पुलिस ने फैक्टरी में रखे घी को सीज़ करने की कार्रवाई की।

- पूरे मामले का वास्तविक खुलासा जांच और सैंपल रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा

जयपुर सीएमएचओ प्रथम डॉ. रवि शेखावत के निर्देशन में पूरी कार्रवाई की गई है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में घी किस उद्देश्य से तैयार किया जा रहा था और इसकी सप्लाई कहां-कहां की जानी थी। खाद्य विभाग की जांच के बाद ही पूरे नेटवर्क और जिम्मेदार लोगों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। सूचना मिलने पर चौमूं थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची है।

जानकारी के अनुसार भूरावाली चिमनपुरा में घी फैक्टरी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 35 हजार लीटर घी जब्त किया है और फैक्टरी सीज की गई है। चौमूं के ग्राम जैतपुरा के पास भूरावाली ग्राम पंचायत के चिमनपुरा गांव में रेलवे लाइन के पास संचालित हिमालय डेयरी प्रोडक्ट्स फैक्टरी पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्रवाई की। फैक्टरी में अलग-अलग नामों से पैकिंग फैक्टरी में राजस्थान सरस, डेयरी ब्रदर्स, श्री किरण सरस, माटुला, चॉइस डेयरी, रघु श्री और गणक सहित कई ब्रांड के नाम से घी पैक मिला। 200 मिलीलीटर से लेकर 15 लीटर तक की पैकिंग मिली।

चूरू में नगरपरिषद के ट्रैक्टर ने युवक को कुचला

चूरू, (निसं)। जिला मुख्यालय पर सोती भवन के पास नगर परिषद के ट्रैक्टर की चपेट में आने से 38 वर्षीय युवक विनोद की मौत हो गई। हादसे के बाद मंगलवार सुबह मृतक के परिजनों, वार्डवासियों और एससी समाज के लोगों ने राजकीय भरतिया अस्पताल की मोर्चरी के आगे धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नगर परिषद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मृतक के परिवार को उचित मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और दोषी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार को विनोद राशन लेने गया था। इसी दौरान नगर परिषद के ट्रैक्टर चालक ने कथित लापरवाही से वाहन चलाते हुए विनोद को कुचल दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल विनोद को तत्काल राजकीय भरतिया अस्पताल के आपातकालीन वार्ड लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

युवक का शव मिला, हत्या की आशंका जताई

राजलदेसर, (निसं)। कस्बे के निकट सिमसिया-धातरी मार्ग पर मंगलवार को एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सड़क किनारे शव मिलने की सूचना पर आसपास के ग्रामीणों सहित लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर राजलदेसर थानाधिकारी बेगाराम मीणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। शुरुआत में युवक की पहचान नहीं हो पाई थी। बाद में मृतक की पहचान दुलरासर निवासी पवन कुमार नायक के रूप में हुई। पुलिस ने शव को राजलदेसर राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। मृतक के छोटे भाई राकेश नायक ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है।

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

निविदा सूचना

विश्वविद्यालय में सफाई व्यवस्था हेतु निविदा जारी की गयी हैं, जिसका यूबीएन **GSU2627SLRC00031** हैं। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी **http://sppp.rajasthan.gov.in** व **www.eproc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/26/12848 वित्त नियंत्रक

कार्यालय नगर परिषद धौलपुर

मचकुण्ड रोड धौलपुर Email Id- dholpur.jaipur@gmail.com, Ph- 05642-220888

क्रमांकः–न.प.धौ./2026–27/9433–35 दिनांकः– 28.10.2026

निविदा आमंत्रित सूचना ई–27,28

नगर परिषद धौलपुर द्वारा पंजीकृत संवेदकों से नगर परिषद क्षेत्र में सफाई कार्य हेतु मानव सेवा मय ट्रेक्टर–ट्रॉली कार्य तथा निराश्रित गौवंशों को पकडने व नगर परिषद क्षेत्र में गौशाला में स्वयं के वाहन से छोडने का कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिनकी अनुमानित लागत 10 लाख रू से 25 लाख रू है।

UBN No.-DLB2627SLOB23464, DLB2627SSOB23468

विवरण के लिये देखे www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in

आयुक्त

राज.संवाद/सी/26/12892 नगर परिषद धौलपुर

कार्यालय नगर परिषद धौलपुर

मचकुण्ड रोड धौलपुर Email Id- dholpur.jaipur@gmail.com, Ph- 05642-220888

क्रमांकः–न.प.धौ./2026–27/9408–10 दिनांकः– 28.10.2026

निविदा आमंत्रित सूचना ई– 29

नगर परिषद धौलपुर द्वारा विभिन्न विकास कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिनकी अनुमानित लागत 13.11 लाख रू से 48.15 लाख रू है। निविदा से संबंधित शर्तें एवं जानकारी व दस्तावेज www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड/ अपलोड लिये जा सकते है।

UBN No.- DLB2627WSOB23515, DLB2627WSOB23516, DLB2627WSOB23522, DLB2627WSOB23524, DLB2627WSOB23528, DLB2627WSOB23530

आयुक्त

राज.संवाद/सी/26/12895 नगर परिषद धौलपुर

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

टोडरमल रोड, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2026-27/राजकाज 25287429 दिनांक :- 31/10/2026

ई-निविदा सूचना संख्या 33/2026-27

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से विभिन्न कार्यो अनुमानित लागत राशि 715.83 लाख की ई–निविदा क्रम संख्या (1) दिनांक 25.11.2026 सांय 06:00 एवं क्रम संख्या (2) दिनांक 12.11.2026 सांय 06:00 बजे एवं क्रम संख्या (3) दिनांक 10.11.2026 दोपहर 02:00 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

UBN: AJD2627WLOB00171, AJD2627WSOB00172, AJD2627WSRC00173

राज.संवाद/सी/26/12842 अधिशाषी अभियन्ता

Rajasthan Medical Services Corporation Ltd.

D-Block, Swasthya Bhawan, C-Scheme, Jaipur - 302005

Ph. No. 0141-2223887, Fax No. 0141-2228065, E-Mail-edepmrmsc-rj@nic.in

Ref. No. :- F-8() RMSC/EPM/ M-2/2026-27/NIB-958/975 Dated :- 30/10/2026

Corrigendum / Addendum

Bid for item "Multiparameter Urine Strips for pregnant women" (NIB-958) are invited from interested bidders up to Date: 18.11.2026 : 06:00 P.M. Other particulars of the Corrigendum / Addendum may be visited on Procurement portal website https://sppp.rajasthan.gov.in or www.dipronline.org or https://eproc.rajasthan.gov.in or website http://rmsc.health.rajasthan.gov.in.

UBN: MSC2627GLRC00066 Director (Procurement)

Raj.Samwad/C/26/12857 Rajasthan Medical Services Corporation

कार्यालय नगर परिषद धौलपुर

मचकुण्ड रोड धौलपुर Email Id- dholpur.jaipur@gmail.com, Ph- 05642-220888

क्रमांकः–न.प.धौ./2026–27/9478–80 दिनांकः– 29.10.2026

अल्पकालीन निविदा आमंत्रित सूचना ई–30,31,32,33

नगर परिषद धौलपुर द्वारा हाइड्रोस्टेटिक रोबोटिक व्हील एक्सकेवेटर की खरीद हेतु एवं नगर परिषद क्षेत्र में सफाई कार्य हेतु मानव सेवा मय ट्रेक्टर–ट्रॉली कार्य तथा नगर परिषद कार्यालय में मैनपॉवर सप्लाई एवं नगर परिषद क्षेत्र में निराश्रितों श्वानों को पकडकर बन्ध्याकरण कर रैबीज टीककरण कर निर्धारित स्थान डॉग पैल्टर होम पर स्वयं के वाहन से छोडने का कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिनकी अनुमानित लागत 10 लाख से 45 लाख रू है।

UBN No.-
1. DLB2627SLRC23596
2. DLB2627GLOB23598
3. DLB2627SSOB23601
4. DLB2627GLOB23602

विवरण के लिये देखे www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in

राज.संवाद/सी/26/12893 आयुक्त, नगर परिषद धौलपुर

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
P.H.E.D. CITY DIV IV (S) JAIPUR

S.No.-3041-56 Date: 30/10/26

CORRIGENDUM FOR DATE EXTENTION

Dates are extended for the following NIT:

RO No.18086 dt.29.10.2026

S. No	NIT Detail	Existing last date of online submission of tender document.	Amended last date of online submission of tender document.	Existing last date of opening Technical bid	Amended last date of opening Technical bid
1	NIT-26/2026-27 UBN No.PHE2627 WSRC06817	05.11.2026	12.11.2026 till 06:00 P.M.	06.11.2026 at 1:00 P.M.	13.11.2026 at 11:00 A.M.
2	NIT-27/2026-27 UBN No.PHE2627 WSRC06818	05.11.2026	12.11.2026 till 06:00 P.M.	06.11.2026 at 1:00 P.M.	13.11.2026 at 11:00 A.M.

The tender documents have been uploaded on https://sppp.rajasthan.gov.in and https://eproc.rajasthan.gov.in/nicgep/app all other terms and conditions will remain same as before.

Executive Engineer
PHED, City Div. IV(S),

DIPR/C/18143/2026

भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

केन्द्रीकृत रोजगार अधिसूचना (सीईएन) संख्या–09/2026

आइसोलेटेड श्रेणियों के विभिन्न पदों के लिए भर्ती
(सांकेतिक सूचना)

पात्र अभ्यर्थियों से **आइसोलेटेड श्रेणियों** के विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही प्रस्तुत किए जाने चाहिए। (https://www.rrbapply.gov.in)

आवेदन आरंभ होने की तिथि : 05.11.2026 (अनंतिम)

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 04.12.2026 23:59 अपराह्न (अनंतिम)

पद का नाम	7वें सीपीसी के अनुसार पे लेवल	चिकित्सा मानक	दिनांक 01.01.2027 को आयु	अनंतिम रिक्तियां (सभी आरआरबी)
आइसोलेटेड श्रेणियों के विभिन्न पद	लेवल–2 से लेवल–7	विस्तृत सीईएन के अनुसार	विस्तृत सीईएन के अनुसार	195 (लगभग)

नोट: 1. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरते समय आधार का उपयोग करके अपने प्राथमिक विवरण को सत्यापित कर लें, ताकि गैर– आधार सत्यापित आवेदनों के लिए भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में होने वाली विस्तृत जांच के कारण होने वाली असुविधा एवं विलंब से बचा जा सके।

2. आधार का उपयोग करके सफल सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए, आधार में दर्ज नाम एवं जन्म तिथि को 10वीं कक्षा के उत्तीर्ण प्रमाण–पत्र में अंकित पूरा नाम एवं जन्मतिथि से 100% मिलान करने के लिए अपडेट किया जाना चाहिए। इसी प्रकार, ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले आधार में नवीनतम फोटो एवं नवीनतम बायोमेट्रिक्स (फिंगरप्रिंट एवं आईरिस) के साथ अपडेट करना होगा।

3. यह सूचना केवल सांकेतिक प्रकृति की है, जिसे संभावित अभ्यर्थियों को आगामी विस्तृत सीईएन (CEN) के बारे में सूचित करने तथा आवेदन हेतु आवश्यक प्रमाण–पत्रों/दस्तावेजों को तैयार रखने के उद्देश्य से जारी किया गया है। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि भर्ती से संबंधित सभी नियमों, शर्तें, पात्रता मानदंड, प्रक्रियाएं एवं अन्य आवश्यकताएं पूर्णतः विस्तृत सीईएन संख्या 09/2026 (साथ ही समय–समय पर जारी किए जाने वाले शुद्धिपत्र सहित) के अनुसार ही मान्य होंगी, जो विशेष रूप से सभी आरआरबी की एकीकृत वेबसाइट https://rrb.indianrailways.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी। अभ्यर्थी इस एकीकृत वेबसाइट से अलग–अलग आरआरबी के वेबपेज पर जा सकते हैं।

सं०– रेभबो/अज/एडीवीटी/सीईएन–09/2026 अध्यक्ष
दिनांक: 03.11.2026 रेलवे भर्ती बोर्ड

"जालसाज़ों, दलालों एवं नौकरी दिलाने का झांसा देने वालों से सावधान रहें"

हैड कांस्टेबल की चुनाव ड्यूटी के दौरान मौत

तारानगर, (निसं)। तहसील के गांव हरिपुरा हाल तारानगर निवासी हैड कांस्टेबल भंवरलाल कुलड़िया की मंगलवार को पंचायत राज चुनाव ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई। वे राजगढ़ पुलिस थाने में ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज के पद पर तैनात थे। हैड कांस्टेबल भंवरलाल कुलड़िया की ड्यूटी पंचायत राज चुनाव के अंतर्गत राजगढ़ पंचायत के गांव ढंढाल लेखु में लगी हुई थी।

जानकारी के अनुसार खाना खाने के बाद अचानक उनकी तबियत बिगड़ने के बाद उनका निधन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। सुबह 10 बजे तारानगर साहवा सड़क मार्ग पर स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में उनका राजकीय सम्मान के अंतिम संस्कार किया गया।

पुलिस की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस दौरान विधायक नरेंद्र बुडानिया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की ओर से चेयरमैन हरि इंदौरिया, कामरेड निर्मल कुमार प्रजापत सहित राजगढ़ एएसपी रिछपाल चारण, एसएचओ पुष्पेंद्रसिंह सहित अधिकारियों कर्मचारियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र ने दी।

कोटा में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने आत्महत्या की

कोटा, (निसं)। जवाहर नगर थाना इलाके के सीएडी सर्कल के नजदीक स्थित संभागीय आयुक्त कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने सुसाईड कर लिया। मामले का पता मंगलवार सुबह चला, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद जिला कलैक्टर पीयूष सामरिया एवं पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और मौके पर एफएसएल टीम को बुलाया गया। टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किये। पुलिस उप अधीक्षक मनीष शर्मा ने बताया कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आफाक अंसारी ने सुसाईड किया है। मंगलवार सुबह कार्यालय खुलने पर मामले की जानकारी मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। मामले में सामने आया कि कर्मचारी सोमवार रात्रि को बूंदी में आयोजित साले की शादी समारोह से कोटा आया था और कार्यालय में कुछ काम की कहकर घर से निकला था जिसका शव कार्यालय के कमरे में मिला। फिलहाल सुसाईड के पीछे कोई कारण सामने नही आया है। जवाहर नगर थानाधिकारी मुकेश मीणा ने बताया कि घंटाघर इलाके के बजाजखाना निवासी आफाक अंसारी सोमवार रात्रि को संभागीय आयुक्त कार्यालय पहुंचा था, जिसने अतिरिक्त संभागीय आयुक्त के चेंबर में बने रेस्ट रूम में सुसाईड कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि कार्यालय की चाबियां उसी के पास रहती थी कमरा अंदर से बंद था, जिससे मामला सुसाईड का लग रहा है मृतक का शव कमरे के गेट के पास मिला है।

जैसलमेर : संसदीय समिति की बैठक में सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण पर मंथन

जैसलमेर, (निसं)। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को जैसलमेर में आयोजित रक्षा मंत्रालय की संसदीय परामर्श समिति की बैठक को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस बैठक का आयोजन दिल्ली से बाहर करने का उद्देश्य समिति के सदस्यों के बीच संवाद को अधिक सहज और प्रभावी बनाना है। इसके साथ ही सीमावर्ती एवं अग्रिम क्षेत्रों की जमीनी परिस्थितियों को करीब से समझने का अवसर उपलब्ध कराना भी इस पहल का प्रमुख उद्देश्य है।

- रक्षा मंत्री राजनाथसिंह की अध्यक्षता में संसदीय समिति की बैठक का आयोजन
- इस बैठक का आयोजन दिल्ली से बाहर करने का उद्देश्य समिति के सदस्यों के बीच संवाद को अधिक सहज और प्रभावी बनाना है : राजनाथसिंह

रक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी चुनौतियां बढ़ रही हैं। ऐसे में भारतीय सशस्त्र बलों को आधुनिक तकनीक, बेहतर संसाधनों और मजबूत रक्षा क्षमताओं से लैस करना समय की आवश्यकता है।

सीमावर्ती क्षेत्र में बैठक का विशेष महत्व :-जैसलमेर जैसे सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सीमावर्ती जिले में संसदीय परामर्श समिति की बैठक आयोजित किए जाने को रक्षा नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात सुरक्षा बलों की परिस्थितियों, सामरिक आवश्यकताओं, आधारभूत सुविधाओं तथा सुरक्षा संबंधी चुनौतियों को समझने के लिए ऐसे क्षेत्रों में बैठक आयोजित करना उपयोगी माना जाता है। रक्षा मंत्री के अनुसार, दिल्ली से बाहर बैठक आयोजित करने से समिति के सदस्यों को विभिन्न परिस्थितियों और वास्तविकताओं को समझने का अवसर मिलता है। इससे रक्षा संबंधी विषयों पर चर्चा अधिक व्यावहारिक और व्यापक दृष्टिकोण के साथ की जा सकती है।

बैठक का प्रमुख केंद्र भारतीय सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में युद्ध की प्रकृति में तेजी से बदलाव आ रहा है। पारंपरिक सैन्य क्षमताओं के साथ-साथ आधुनिक तकनीक, निगरानी प्रणालियां, संचार व्यवस्था, साइबर सुरक्षा और स्वदेशी रक्षा उपकरणों का महत्व लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना की परिचालन क्षमताओं को मजबूत बनाने के लिए आधुनिक हथियार प्रणालियों, अत्याधुनिक उपकरणों और तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण का उद्देश्य केवल सैन्य उपकरणों को उन्नत बनाना ही नहीं, बल्कि बदलती सुरक्षा चुनौतियों के अनुरूप देश की रक्षा तैयारियों को अधिक प्रभावी बनाना भी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक से रक्षा क्षेत्र के आधुनिकीकरण, सुरक्षा चुनौतियों और सीमावर्ती क्षेत्रों की आवश्यकताओं पर गंभीर विचार-विमर्श का अवसर मिला है।

श्रीगंगानगर में दो कारोबारियों से पांच-पांच करोड़ की रंगदारी मांगी

श्रीगंगानगर, (निसं)। पेट्रोल पंप कारोबारी और इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के मालिक से 5-5 करोड़ की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। कॉल करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई का भाई आरजू बिश्नोई बताया और कहा कि तेरी डिफेंडर सफेद कलर की कलेक्ट्री के पास खड़ी थी। मेरे लड़के तेरी डिफेंडर के शीशे के पास ही थे। चमत्कार दिखाना था तेरे को, या तो कॉल कर लेना नहीं तो चमत्कार दिखा देंगे। 5 करोड़ देने हैं तुझे।

मामला दो नवंबर रात 11 बजे का है, व्यापारी ने पुलिस ने तीन नवम्बर को शिकायत दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि 2 नवंबर की रात 9:13 से 9:27 बजे के बीच विदेशी नंबर से व्हॉट्सऐप पर 6 बार कॉल आई, लेकिन कॉल रिसीव नहीं की। रात 9:29 बजे इसी नंबर से दोबारा वॉइस कॉल आई। इसके बाद एक वॉइस नोट आया। रात करीब 11 बजे इसकी रिकॉर्डिंग सुनी। शिकायतकर्ता ने बताया कि कॉल करने वाले ने पेट्रोल पंप के कारोबार की जानकारी देते हुए धमकी दी। खुद को गैंगस्टर बताने वाले ने नोट में कहा कि वह गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई आरजू बिश्नोई बोल रहा है। उनके आदमियों की कारोबारी पर नजर है और आस-पास मौजूद हैं। अगर उसने 5 करोड़ रुपए नहीं दिए तो परिवार को जान से मार देंगे।

सीओ सिटी आईपीएस नितिन चौधरी ने बताया कि शहर में पंप कारोबारी और एक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के मालिक को धमकी देने का मामला सामने आया है। धमकी देने के लिए विदेशी नंबरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। वीपीएन आदि के उपयोग के कारण ऐसे नंबरों को ट्रैक करना पॉसिबल नहीं है। पुलिस धमकी देने वालों के स्थानीय नेटवर्क को डिटेन करने में जुटी है। चौधरी ने कहा कि अभी इस मामले में लॉरेंस बिश्नोई गैंग से संबंध होने की पुष्टि नहीं की जा सकती।

पुलिस का नोटिस मिलने पर प्रहलाद गुंजल ने कहा 'मैं गिरफ्तारी से नहीं डरता'

डीजी, आईजी और एसपी बताएं कि संविदाकर्मी के मामले में राजकार्य में बाधा कहां से हो गई, राजीव दत्ता राजकीय सेवा से सेवानिवृत हो चुके हैं, संविदा पर ही तो लगे हुए हैं : गुंजल

कोटा, (निसं)। पंचायतीराज चुनाव में पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगा था। इस पर रानपुर थाना पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज कर लिया था। इस मामले की जांच अनंतपुरा थाना अधिकारी महेश कारवाल कर रहे हैं। इस पूरे प्रकरण में प्रहलाद गुंजल से जांच पड़ताल और पूछताछ के लिए उन्हें धारा 35 का नोटिस मंगलवार को पुलिस ने दिया है। इस संबंध में थाना अधिकारी महेश कारवाल जाप्ते के साथ प्रहलाद गुंजल के घर पर पहुंचे थे।

थानाधिकारी महेश कारवाल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पंचायतीराज चुनाव के दौरान 21 अक्टूबर को बिना अनुमति सभा के आयोजन का मुकदमा दर्ज किया गया है। यह अमरकुआं के देवनारायण मंदिर का मामला है। इसमें आचार संहिता के उल्लंघन प्रकरण पंजीबद्ध हुआ है। इस प्रकरण के आरोपी प्रहलाद गुंजल को बीएनएस की धारा 35 के तहत सूचना दी गई है। हमने नोटिस दिया है अनुसंधान के लिए 7 दिन का समय दिया गया है।

मामले में पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल का कहना है कि धारा 35 का नोटिस पुलिस की प्रक्रिया के तहत मुझे दिया गया है। मुकदमा दर्ज होने की जानकारी सभी को है। 10 नवंबर को थाने पर बुलाया गया है, मैंने कह दिया है कि मैं 10 तारीख को नहीं आऊंगा आगे की तारीख पर ही आऊंगा। मैं गिरफ्तारी से भी नहीं डरता हूं, पुलिस गिरफ्तार कर ले। प्रहलाद गुंजल ने कहा कि राजनीतिक दुर्भावना से काम करने वाले सभी लोगों का हिसाब होगा। शहर में भय का माहौल बनाया हुआ है। मैं बोलता हूं तो मुकदमा दर्ज कर लिया। मुकदमे से कोई मुंह बंद नहीं किया जा सकता। पुलिस को यह गलतफहमी कहां से हो गई कि नोटिस और इन्वेस्टिगेशन से गुंजल की आवाज को बंद कर देंगे। आज जिनका राज है उनकी हाजिरी पुलिस बजा रही है। कल हमारा राज होगा तो हमारी हाजिरी लगाएगी।



पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल के निवास पर पुलिस नोटिस देने पहुंची।

- गुंजल को जांच पड़ताल और पूछताछ के लिए धारा 35 का नोटिस पुलिस ने दिया है

प्रहलाद गुंजल ने कहा कि मुकदमा ही गलत दर्ज किया गया है। जिस वीडियो के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है वह 2 साल पुराना भी हो सकता है। मैं कहता जरूर हूं। मैंने संविदाकर्मी राजीव दत्ता के लिए ही कहा है। डीजी, आईजी और एसपी बताएं कि संविदाकर्मी के मामले में राजकार्य में बाधा कहां से हो गई। राजीव दत्ता राजकीय सेवा से सेवानिवृत हो चुके हैं, संविदा पर ही तो लगे हुए हैं। बीएनएस में लिखा है कि आमने-सामने की धमकी जब तक नहीं होती तब तक प्रताड़ना नहीं मानी जा सकती है। मैं साफ कहता हूं कि जो लोग गलत कर रहे हैं उनका सबका हिसाब किताब होगा। राजनीति में जो गलत परिपाटी अभी शुरू हुई है यह आगे भी चलेगी।

उल्लेखनीय है कि कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के सिंबल पर सांसद का चुनाव लड़ चुके कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सहायक राजीव दत्ता के खिलाफ बयान दिया था और उन पर मुकदमा दर्ज हुआ था। लेकिन इसके बावजूद प्रहलाद गुंजल ने स्पष्ट कर दिया था कि उन पर भले ही रोज एक मुकदमा लगे वह किसी से डरने वाले नहीं है। गुंजल ने वायरल बयान में कहा था कि सरकार बदलने दो, मैं राजीव दत्ता की हालत बिगाड़ दूंगा। वह बंद कमरे में यह सोचने पर मजबूर हो जाएगा कि आत्महत्या कर ले या फिर बंदूक उठाकर किसी को मार दे। इन लोगों ने बहुत पाप किए हैं और जनता को काफी तंग किया है जिससे पूरे शहर में डर और आतंक का माहौल है।

हैंडीक्राफ्ट फैक्टरी में भीषण आग लगी

जोधपुर, (कासं)। बासनी हड्डी मिल क्षेत्र की एक हैंडीक्राफ्ट फैक्टरी में आज सुबह अचानक आग लग गई। इस दौरान लोहे का टीनशेड गिर गया। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।

चीफ फायर ऑफिसर जयसिंह चौहान ने बताया कि बासनी के हड्डी मिल, श्रमिक बस्ती के पास बनी एक हैंडीक्राफ्ट फैक्टरी में अचानक से आग लग गई। सूचना पर बासनी के अलावा शास्त्रीनगर, चौपासनी, बोरानाडा, मंडोर से गाड़ियां बुलाई गई। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के मुताबिक फैक्टरी जहां बनी हुई है उसके पास आवासीय बस्ती भी है।

श्रीगंगानगर में नकली नोटों की खेप पकड़ी

100-100 रुपए के 206 जाली नोट बरामद, आरोपी गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (निसं)। जिले की सादुलशहर थाना पुलिस ने नकली भारतीय मुद्रा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 100-100 रुपए के 206 जाली नोट बरामद किए हैं। पुलिस ने 20 हजार 600 रुपए के नकली नोट जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीपक कुमार उर्फ दीप (32) पुत्र दर्शन सिंह निवासी वार्ड नंबर 17, सादुलशहर के रूप में हुई है।

एसपी हरिशंकर ने बताया कि सादुलशहर थाना पुलिस की टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिसकर्मी गुरचरण सिंह की सूचना पर पुलिस ने कस्बे में आरोपी दीपक कुमार को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से 100-100 रुपए के कुल 206 नकली नोट बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि नकली नोट कहां से लाए गए थे और इनके जरिए कहीं बाजार में लेनदेन तो नहीं किया गया। कार्रवाई में कांस्टेबल गुरचरण सिंह की विशेष भूमिका रही।